तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



2 राम मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### दृष्टिबाधित बच्चों को किया गया मोबाइल व की बोर्ड का वितरण

**जांजगीर-चांपा।** समग्र शिक्षा, समावेशी शिक्षा अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों के विकास हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे द्वारा दृष्टिबाधित छात्र-छात्रायें बलौदा की ईशा कुर्रे, अकलतरा के जय सोनवानी एवं मालखरौदा की दिलेश्वरी पटेल को मोबाईल, की बोर्ड, हेडफोन एवं ओटीजी का वितरण किया गया। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजकुमार तिवारी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक दिनेश कुमार सोनवान, हरीराम जायसवाल, योगेश चौहान एवं विकासखण्ड स्त्रोत व्यक्ति (समावेशी शिक्षा) मारिया एक्का उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 70 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में तहसील बलौदा के ग्राम बुड़गहन निवासी श्रीमती अनिता केंवट द्वारा आवास प्लस के तहत जियो टैग करने और श्रीमती सुनिता लहरे द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनारा निवासी दुर्गा सिंह द्वारा अवैध कब्जा हटवाने व ग्राम देवरी निवासी सूर्य प्रकाश धिरही द्वारा पुल निर्माण करनवाने, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम तनौद निवासी मानसिंग महिपाल द्वारा आवास प्लस में नाम जोड़ने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सारागांव पुलिस ने 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। थाना सारागांव पुलिस को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार द्वारा किए जाने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर दबिश दी गई। जहां संजय कमलाकर उम्र 43 साल निवासी परसापाली थाना सारागांव के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब 5 हजार को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

250 एम्पीयर से बढकर 300 एम्पीयर तक पहुंची बिजली की खपत

# बिजली की खपत और गर्मी बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी देने लगे जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गर्मी और बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी अब जवाब देने लगे है। बिजली की खपत 250 एम्पीयर से बढकर 300 एम्पीयर तक पहुंच गई है। ऐसे में ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर को भी ठंडा रखने हवा की जरूरत पड रही है। गर्मी के दिनो में अन्य सीजन के मुकाबले बिजली की खपत कुछ ज्यादा ही हो रही है।

गौरतलब है कि अभिवाजित जांजगीर चाम्पा जिले में 3 लाख 50 हजार से भी अधिक विद्युत उपभोक्ता है। यहां बिजली व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर 10 हजार से भी अधिक ट्रांसफार्मर एवं 100 से भी अधिक विद्युत सब स्टेशन बनाए गए है, ताकि बिजली की सप्लाई ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में बेहतर ढंग से बनी रही । यहां जांजगीर, चाम्पा, सक्ती एवं अकलतरा विद्युत विभाग के प्रमुख डिविजन है। इधर प्रदेश को वर्ष 2008 से ही सरप्लस घोषित किया जा चुका है। जिसके तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में 24 घंटे बिजली की सुविधा प्रदान की जानी है। वही देखा जा तो सबसे अधिक बिजली की समस्या गर्मी के दिनो में होती है। जहां तापमान बढने के साथ बिजली की खपत भी बढने लग जाती है। गर्मी के बजाय अन्य दिनो में जहां बिजली की खपत 250 एम्पीयर रहती है वही गर्मी के दिनो में यह आंकडा बढकर 300 एम्पीयर तक पहुंच जाता है। वही 12 मेगावाट की जगह 14 मेगावाट तक बिजली की खपत बढ जाती है। स्थिती यह है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर पर इतना अधिक दबाव पड जा रहा है। ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए कुलर की व्यवस्था भी बनानी पड जा रही है। एक ओर जहां गर्मी को देखते हुए लोग अपने जरूरत के हिसाब से एसी, कुलर, पंखा एवं अन्य संसाधनो का उपयोग कर रहे है। इन सबके बावजुद गर्मी से निजात नही मिल पा रही है। खासकर लोग गर्मी से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा अपने घरो में ही सुरक्षित रहना पसंद कर रहे है। वही दुसरी ओर दोपहर के वक्त सड़के सूनी हो जा रही है। जिसके कारण लोगो का घरो से निकलना दूभर हो जा रहा है। 24 घंटे कूलर और एसी चलने से बिजली की खपत बढ़ रही है। इससे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है। ऐसे मे ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगे है। वही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनो हो रही बिजली की कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है। जांजगीर चांपा जिले में तापमान अधिकतम 43 डिग्री तक जा पहुंचा है। वहीं अप्रैल का महीना अंतिम दौर में है। ऐसे में मई एवं जून महीने के दौरान गर्मी और बढ़ने की उम्मीद है।



मरम्मत के लिए रखा ट्रांसफार्मर।

### अस्थाई कनेक्शन के सहारे शहर की बिजली व्यवस्था

ज़िला मुख्यालय जांजगीर के कई वार्डो में अस्थाई कनेक्शन के सहारे बिजली व्यवस्था संचालित की जा रही है। खासकर शिव मंदिर से आगे नहर किनारे एवं रमन नगर वार्ड में इस तरह की व्यवस्था सहज ही दिखाई पड जाएगी। इस वार्ड में ज्यादातर जमीन शहर से लगे ग्राम पंचायत खोखसा की है। ऐसे में कई जमीन की खरीदी करके मकान तो बना लिए है। लेकिन बिजली की कनेक्शन व्यवस्था स्थाई तक नही हो पाई है। वही कई स्थानो पर कई उपभोक्ता आज भी बिजली की चोरी करते नजर आते है। जिसका नुकसान सीधे तौर पर विद्युत विभाग को होता है। इसके बावजूद आज भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की चोरी की जा रही है। ऊपर से विद्युत विभाग में ग्राहकों का स्थायी बिजली कनेक्शन होना चाहिए, ताकि जांच पड़ताल के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके बावजूद कई उपभोक्ता अस्थायी विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही अपना काम चलाते रहते है। ऐसे में जांच पडताल के दौरान ग्राहकों की दिक्कतें बढ़ जाती है।

### बढ जाती है खपत

गर्मी के दिनो मे बिजली की खपत बढ जाति है। ज्यादातर गर्मी को देखते हुए ट्रांसफार्मर को सुरक्षित रखने ब्यवस्था बनाई जाति है। बिजली के अस्थाई कनेक्शन को लेकर ब्यवस्था बनाई जाएगी।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यलिय जांजगीर

# शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान भरोसे एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था

## चोरी के प्रयास में तोड़फोड़ के मामले आते रहते हैं सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




केरा रोड में संचालित गार्ड विहीन एटीएम।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। एटीएम सेन्टरो में ना तो सुरक्षा कर्मियो की तैनाती की जाती है और ना ही सीसीटीवी कैमरे की समुचित व्यवस्था बन पाई है। चोरी के प्रयास में एटीएम के तोडफोड के मामले सामने आते रहते है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले में 25 से अधिक राष्ट्रीय कृत बैकों का संचालन किया जा रहा है। जिनमें एसबीआई, पीएनबी, कैनरा, बैक आफ बडोदरा, बैंक आफ इंडिया, एक्सीस, आंध्रा, ओरियंटल, बैंक आफ महाराष्ट्र, ग्रामिण, जिला सहकारी सहित अन्य बैंको का संचालन किया जा रहा है। इधर ग्राहको की सुविधाओ को ध्यान मे रखकर बडे पैमाने पर बैंको के एटीएम सेन्टर भी खोले गए है ताकि लोग समय के अनुसार एटीएम के माध्यम से राशि जमा एवं आहरण कर सके। वही देखा जाए तो कई एटीएम केन्द्रों में ना तो सुरक्षा कर्मियों की समुचित तैनाती की गई है और कई जगहो के एटीएम सेन्टरो में सीसी टीवी कैमरे नहीं लगाए गए है। ऐसे में कई बार चोर चोरी का प्रयास करते है। एटीएम में तोडफोड एंव केन्द्र के सामानो के चोरी करने के मामले भी लगातार सामने आते रहे है। इसे लेकर बैंको के जिम्मेदार प्रबंधको को कोई सरोकार तक नही है। इधर देखा जा तो भारत सरकार के बैंक एंव निजी संस्थानो के बैंको के द्वारा प्रबंधक सहित अन्य स्टाप को सालाना लाखो रूपए का वेतनमान देती है। ताकि प्रबंधको के साथ साथ कार्यरत स्टाफ ग्राहको को बेहतर सेवा देने के साथ एटीएम के माध्यम से राशि आहरण एवं पैसे जमा करने में सहुलियत हो सके। वही जिम्मेदार बैंक के अफसरो को एटीएम की सुरक्षा एंव रखरखाव को लेकर कोई सरोकार तक नही है। जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी चौक, केरा रोड, नैला रोड, चाम्पा के स्टेशन रोड, बेरियर चौक, मंझली तालाब सहित अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, नवागढ, पामगढ सहित कई जगहो के ग्रामीण क्षेत्रो में भी ग्राहको की सुविधाओ को ध्यान में रखकर बैंको के साथ साथ एटीएम सेन्टर का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन इन एटीएम सेन्टरो में सुरक्षा कर्मियो के साथ सीसी टीवी कैमरा भी नजर नही आता। ऐसे में एटीएम की सुरक्षा को लेकर तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे है। असामाजिक तत्व कई बार यहां तोड़फोड़ भी करते है। एटीएम सेंटरों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं होने के कारण असामाजिक तत्व नुकसान पहुंचा रहे है। आए दिन किसी ना किसी एटीएम काउंटर में तोडफोड़ के मामले सामने आते रहते है। एटीएम में तोडफोड एंव केन्द्र के सामानो के चोरी करने के मामले भी लगातार सामने आते रहे है। इसे लेकर बैंको के जिम्मेदार प्रबंधको को कोई सरोकार तक नही है। इधर देखा जा तो भारत सरकार के बैंक एंव निजी संस्थानो के बैंको के द्वारा प्रबंधक सहित अन्य स्टाप को सालाना लाखो रूपए का वेतनमान मिलता है। इसके बावजूद जिम्मेदार बैंक प्रबंधक एटीएम सेंटरों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती को लेकर ध्यान नहीं देते।

# अर्जित अवकाश की राशि पाने के लिए भटक रहा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

अर्जित अवकाश की राशि पाने के लिए शिक्षक दर दर भटक रहा है। थक हारकर शिक्षक ने अर्जित अवकाश की राशि और मार्च महीने का वेतन दिलाने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत आडिल के पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गबेल जो कि वर्तमान में ग्राम पंचायत सुलौनी के हायर सेकेंडरी स्कूल में अटैच है। जिनके द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर 78 दिनो का लघु कृत एवं अर्जित अवकाश दोनो वेतन की राशि शीघ्र दिलाए जाने की मांग की है। शिव कुमार गबेल ने 19 नवंबर 2024 से 4 फरवरी 2025 तक 78 दोनों का मेडिकल अवकाश लिया था जिसका जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृति भी दिया गया था। इसके लिए 19 मार्च को पत्र जारी किया गया था। बावजूद ग्राम पंचायत आडील के प्राचार्य देव कुमार साहू द्वारा अर्जित अवकाश तथा वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते भी मानसिक रूप परेशान हो चुके हैं उनके सामने घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है, जबकि वर्तमान में ग्राम सलोनी के स्कूल में कार्यरत है तथा हमेशा उपस्थित दे रहे हैं। इसके बावजूद उनका मार्च महीने का वेतन भी नहीं दिया जा रहा है, जबकि स्कूल में पदस्थ अन्य शिक्षकों का वेतन प्रदान किया जा रहा है। ऐसे में शिव कुमार गबेल ने कलेक्टर को आवेदन देकर अर्जित अवकाश का की राशि तथा मार्च महीने का वेतन शीघ्र दिलाए जाने की मांग की है।

इस संबंध में प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल पिरदा व आहरण सवितरण अधिकारी रामभरोस सिदार का कहना है कि अर्जित अवकाश स्वीकृति संबंधी आदेश की कॉपी जमा नहीं किया गया है। जिसके कारण वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है।

### नहीं मिली उपस्थिति पंजी

अभी तक उनके द्वारा उपस्थिति पंजी नहीं दिया गया है। जिसके चलते वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है।

-देव कुमार साहू,
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आडिल

### अपराध की रोकथाम के लिए कुधरी में लगी पुलिस की जनचौपाल

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम कुधरी में सोमवार को जांजगीर पुलिस ने जनचौपाल का आयोजन रखा था। जनचौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे। जनचौपाल में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने उपस्थित होकर ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुना। चौपाल के दौरान लोगों ने पुलिस व्यवस्था, अवैध गतिविधियों और स्थानीय मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया और कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। इस अवसर पर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप पुलिस के सहयोगी बनें। गांव व समाज को अपराधमुक्त बनाने के लिए सबका सहयोग जरूरी है। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बचाव के उपाय भी ग्रामीणों को बताए गए।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

स्वसहायता समूह की महिलाओं ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# शराब दुकान खोले जाने के विरोध में ग्रामीण लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा में संचालित शराब दुकान को मुरलीडीह में संचालित करने की तैयारी चल रही है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। वही इसे लेकर स्वसहायता समुह की महिलाओ ने कलेक्ट्रोरेट में ज्ञापन सौपकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि अकलतरा मे देशी विदेशी शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। हाल के कुछ दिनो पूर्व अधिकारी एंव जनप्रतिनिधी द्वारा उसे स्थानांतरित करके ग्राम पंचायत मुरलीडीह मे शिप्ट करने की तैयारी चल रही है। जिसके विरोध मे ग्राम पंचायत मुरलीडीह, रोगदा एवं अमोरा के ग्रामिण सोमवार 21 अप्रैल को कलेक्ट्रोरेट पहुंचे। इस बीच अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा। वही मांग पूरा नही होने की स्थिती में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीण राजेश्वरी जोगी, एवं सुरेंदर लहरे ने बताया कि गांव में शराब दुकान का संचालन होने से कुछ ही दुरी पर छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। जिससे माहौल भी खराब होगा। उस स्थान पर हादसो के चलते 4 लोगो की मौत हो चुकी है। शराब दुकान का संचालन होने से माहौल खराब होगा। इसे लेकर सोमवार को ग्राम पंचायत मुरलीडीह, रोगदा, एंव अमोरा के ग्रामिण कलेक्ट्रोरेट पहुंचे। इस बीच कलेक्ट्रोरेट में इस पर ज्ञापन सौपकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वर्तमान समय में शराब दुकान का संचालन अकलतरा मे किया जा रहा है। जिसे बदलकर ग्राम पंचायत मुरलीडीह में किया जाना है। इसे लेकर अकलतरा सीएमओ एंव जनप्रतिनिधियो के द्वारा हाल के कुछ दिनो पूर्व की ग्राम मुरलीडीह का निरीक्षण किया था। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान संचालन से गांव का माहौल खराब होगा वही शराब दुकान खोले जाने को लेकर उनके द्वारा आने वाले दिनो में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।




कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय रग्बी चैपियनशीप के लिए पाली के दो खिलाड़ी चयनित





**कोरबा।** असम के गुवाहाटी में 23 से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय (महिला) सीनियर रग्बी चैम्पियनशिप के लिए छग की टीम में पाली की 2 महिला खिलाडियों का भी चयन हुआ है। जो रविवार को असम के लिए रवाना हो गए हैं। कोच ओम प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में जिला रग्बी एसोसिएशन के तत्वाधान में जिले की महिला और पुरुष, सीनियर जूनियर वर्ग में कई खिलाड़ी प्रदेश की टीम में चयनित होकर राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में महिला सीनियर वर्ग राष्ट्रीय रग्बी चैम्पियनशिप में पाली की हेमा प्रजापति पिता-कन्हैयाराम प्रजापति और रुखमणी पटेल पिता शिवचंद पटेल का चयन प्रदेश की टीम के प्रतिनिधित्व के लिए हुआ है।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अथर्व का चयन



**कोरबा।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बॉक्सिंग में जिले के अथर्व शर्मा जो जैन पब्लिक स्कूल एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी का छात्र है। जिनका चयन दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 14 वर्षीय अथर्व शर्मा 42-44 किलोग्राम वर्ग में चयन हुआ है जो 22 से 27 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित होगी। दल प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा के साथ बिलासपुर स्टेशन से टीम रवाना हुई। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पांडे तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी केआर टंडन एवं बॉक्सिंग कोच अजीत शर्मा वहां पर उपस्थित रहे।

### प्रदीप बने अविप पार्टी के जिला अध्यक्ष



**कोरबा।** अधिकार विकास पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती और जनहित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से प्रदीप राव को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

### अग्निवीर के विभिन्न पदों हेतु आवेदन 25 तक

**कोरबा।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की गई है जिसका भारतीय सेना की वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जनरल / तकनीकी / क्लर्क / ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित थी।

## चोरों ने पुलिस के नाक में किया दम

# जिले के चार अलग-अलग स्थानों में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना चौकी क्षेत्र में चोरों ने 4 स्थानों में धावा बोलकर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा निवासी नारायण सिंह चंद्रा 3 अप्रैल को शाम 5 बजे अपने गृहग्राम ओडेकेरा जैजैपुर परिवार सहित गया था। 17 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जब नारायण सिंह वापस अपने घर आया तो देखा कि दरवाजा का कुंडी निकला हुआ था। घर अंदर गया तो घर का सामान अस्त व्यस्त था घर अंदर का दोनों कमरे का ताला टूटा हुआ था और आलमारी में रखे नगदी 10 हजार रुपए, दीवान में रखे नगदी 4 हजार रुपए और दीवान के अंदर से घरेलू बर्तन जिसमें कांस का तीन थाली, एक कांस का लोटा, एक पीतल का गघरा, एक पीतल का बाल्टी, एक डिनर सेट आदि घरेलू बर्तन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। नारायण सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है। इसी तरह दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केन्दईखार निवासी सुमित्रा भार्या ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 19 अप्रैल की शाम लगभग 5 बजे घर में ताला लगाकर लाटा अपने डेढसास अमृत बाई के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गयी थी। रविवार की सुबह लगभग 5 बजे जब वह वापस आयी तो देखी कि घर के गली में लगा ताला एवं घर के कमरे का



दरवाजा में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखी तो अलमारी में रखे नगदी 50 हजार रूपये, पुरानी इस्तेमाली गले का सोने का हार, कान का सोने का झुमका, मंगल सूत्र, चांदी का बेनीफुल, 3 जोडी पायल, 1 सोने का लाकेट, चांदी का 3 करधन, चांदी का चुडी 2 जोडी, चांदी का 2 जोडी बिछिया सहित लगभग सवा लाख का माल चोरों ने पार कर दिया है। सुमित्रा भार्या की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह चोरी की तीसरी घटना दर्री थाना क्षेत्र के सीएसईबी कालोनी शांतिनगर में घटित हुई है। यहां निवासरत समीत कुमार उम्र 28 वर्ष पिता परमेश्वर टंडन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गार्ड का कार्य करता है। 19 अप्रैल की सुबह अरूण सागर ने फोन कर कहा कि परमेश्वर साहू के घर चोरी हुआ है और उसके घर में जाकर देख को कहा। जिस पर वह घर को देखने गया तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और अलमारी में रखे 20 हजार रुपए नगदी, चांदी की कटोरी, चम्मच और सोने के चेन और बच्चे के चेन चुडा पायल सहित अन्य सामानों को चोरों ने पार कर दिया है।

इसी तरह चोरी की चौथी घटना कोरबी चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। ग्राम घुंचापुर निवासी महेश कुमार ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसके बड़े पिता स्व बृजलाल के घर ग्राम घूंचापुर में शादी समारोह में शामिल होने वह सपरिवार गया हुआ था। शादी में सामान देने के लिए जब रात्रि लगभग 3 बजे देखा तो कमरा खुला था ताला नीचे पडा था और पेटी में रखा सोने का 6 नग फूल पत्ती, नगदी रकम 15 हजार रुपए तथा महेश कुमार के चाचा के घर का ताला भी टुटा तथा परछी में बंधा 4 बकरा 5 बकरी को भी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। महेश कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 55 लीटर शराब जब्त



अवैध शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी की एक व्यक्ति नहर किनारे पुल ग्राम जर्वे के पास अवैध रूप से हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब क्षेत्र में लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी की और एक व्यक्ति हरा रंग के प्लास्टिक के बोरा के झोला में प्लास्टिक पन्नी के अंदर लीटर, एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरा के झोला में प्लास्टिक पन्नी के अंदर 10 लीटर कुल 25 लीटर कच्ची महुआ हाथभट्टी शराब के साथ मिला। जिसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम ग्राम जर्वे निवासी सुनील कुमार कुम्हार उम्र 32 वर्ष पिता होरी लाल कुम्हार बताया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इसी तरह उरगा पुलिस ने लालमाटी निवासी सुन्दर लाल पटेल उम्र 40 वर्ष पिता भुखउराम पटेल एवं ग्राम खैरभवना निवासी मेघनाथ यादव उम्र 32 वर्ष पिता बोधराम यादव के घर में दबिश देकर दोनों आरोपियों के कब्जे से 15-15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

# आइसक्रीम फैक्ट्री को किया सील, निगम और श्रम विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निहारिका स्थित चौपाटी के पास संचालित आइसक्रीम फैक्ट्री के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर नगर निगम और श्रम विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए श्री देव आइसक्रीम को सील कर दिया गया है। नगर निगम तथा श्रम अधिकारियों द्वारा 19 अप्रैल को संयुक्त कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री सील की गई है।

जाँच के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में एक 17 साल का नाबालिग भी काम कर रहा था। इस मामले में बाल श्रमिक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण बनाया गया है। अंतरराज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत



सील लगाने की कार्यवाही के दौरान अधिकारी व कर्मचारी।

प्रकरण तैयार किया गया है और इसे न्यायालय में प्रकरण लगाया जाएगा। कलेक्टर अजीत वंसत द्वारा नियमों का उलंघन करने वाले फैक्ट्री के विरुद्ध शिकायत मिलने तथा अन्य समय पर जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# कोरबा जनपद में पीएम आवास सर्वे कार्य का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा जनपद के अंतर्गत मोर द्वार साय सरकार अंतर्गत पीएम आवास के सर्वे कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत चचिया में जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया द्वारा आवास सर्वे किया गया एवं मोर द्वार साय सरकार अभियान अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र आवास हितग्राहियों के सर्वे किए जाने की विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची एव आवास प्लस में छूटे पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने के लिए सर्वेक्षण का विशेष



पीएम आवास के लिए सर्वे करते पंचायत कर्मी।

पखवाड़ा मोर दुआर साय सरकार महाअभियान 16 से 30 अप्रैल तक कराया जा रहा है। शनिवार को प्रधानमंत्री सर्वेक्षण एप्लिकेशन आवास प्लस 2.0 के माध्यम से कोरबा जनपद पंचायत में 24 जनपद सदस्यों द्वारा अलग अलग पंचायतों में सर्वेक्षण का कार्य करवाया गया। जिसमें चचिया ग्राम पंचायत में हितग्राही मोती, अजीतसिंह और प्रमीला बाई, श्याम सुंदर का सर्वे का कार्य जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बीज मोती राठिया के द्वारा किया गया। साथ ही रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया।

# छोटी- छोटी नकद राशि भुगतान के लिए नहीं भटकना पड़ेगा ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छोटे छोटे कार्यों की मजदूरी भुगतान के लिए तथा वृद्ध पेंशन हितग्राहियों को अपने पेंशन भुगतान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की योजना शुरु की जा रही है। 24 अप्रैल से योजना को मूर्तरुप दिया जाएगा। इस दिन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत दिवस मनाने की तैयारी की गई है।

ग्राम पंचायतों में रोजगार मूलक तथा अन्य ऐसे कार्य कराए जाते थे जिनका मजदूरी भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण मुश्किल रहता था। कई बार ऐसी स्थिति में ग्रामीण मजदूरों के





सामने भटकने की स्थिति निर्मित हो जाती थी। आलम यह हो जाता था कि पंचायत मद में पैसा नहीं होने के कारण ग्रामीण मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पाती थी और मजदूर भटकते रहते थे। अब ऐसी स्थिति का सा म ना ग्रामीणों को नहीं करना पड़ेगा। नगद भुगतान की व्यवस्था 24 अप्रैल से लागू की जा रही है। जिसमें मनरेगा को छोड़कर पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले अन्य किसी भी तरह के कार्यों का भुगतान नगद रुप से प्राप्त कर सकते हैं। इसमें उन वृद्ध पेंशन हितग्राहियों को लाभ मिलेगा जो शारीरिक रुप से असमर्थ होने के कारण बैंक नहीं पहुंच पाते ऐसे पेंशन हितग्राहियों को बैंक सखी के माध्यम से पेंशन दी जाती थी।

# बालको रेंज के बेला जंगल में पहुंचा हाथियों का झुण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल मे हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। 39 हाथियों का झुण्ड कोरकोमा से आगे बढकर रजगामार व बाघमारा होते हुए बालको रेंज अंतर्गत बेला जंगल पहुंच गया है जो टाउनशिप से काफी नजदीक है। बड़ी संख्या में हाथियों के टाउनशिप के समीप पहुंच जाने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। वहीं वन अमला भी सतर्क हो गया है। लोगों को हाथियों के आने की सूचना देने के साथ ही मुनादी कराने का काम भी शुरू कर दिया गया है। 13 हाथियों का झुण्ड पहले से बालको रेंज के माखुरपानी जंगल में विचरणरत है। 39 हाथियों के और आ जाने से अब बालको वन परिक्षेत्र में सक्रिय हाथियों की संख्या बढकर 52 हो गई है। दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से वन विभाग को निगरानी करने में दिक्कतें हो रही है। हालांकि इस काम में मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। बालको रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि हाथियों के दल ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक /591/ स्टेनो / अ.वि.अ./2025
ग्राम मेंहदी, प.ह.नं.-20, तहसील पामगढ़
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलहरण पिता फंदु लाल जाति कोष्टा साकिन पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मेंहदी तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-349/10 रकबा 0.02 1/2 एकड़ एवं 349/13 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण/व्यपवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन पुनः निर्धारण/व्यपवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 30/04/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पामगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/588/स्टेनो / अ.वि.अ./ 2025
ग्राम मेंहदी प.ह.नं.-20, तहसील पामगढ़
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार विरेन्द्र कुमार हरिश कुमार पिता अर्जुनलाल विमला पुत्री अर्जुनलाल जाति कोष्टा, साकिन मेंहदी तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मेंहदी तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-221/14 में से रकबा 0.04 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण / व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन पुनः निर्धारण/व्यपवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 30/04/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
पामगढ़

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुडना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# केसरी चैप्टर-2 की कमाई में आया उछाल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के पहले दिन की शुरुआत अच्छी हुई थी। अब दूसरे दिन का अपडेट भी आ गया है। दूसरे दिन कमाई में बढ़ोतरी हुई है जिससे फिल्म की टीम भी खुश हो जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 9.50 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, पहले दिन केसरी 2 ने 7.75 करोड़ कमाए थे तो इस हिसाब से फिल्म ने 2 दिन में टोटल 17.25 करोड़ कमा लिए हैं। वैसे अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स की तुलना में फिल्म की कमाई कम है। वहीं, स्काई फोर्स ने 2 दिन में टोटल 34.25 करोड़ कमाए थे।

## लाइफ Style



# उर्वशी

## लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला ने हाल में एक इंटरव्यू में बयान दिया कि बद्रीनाथ धाम के पास उनका एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी मंदिर है। इस पर खूब विवाद हो गया है। रश्मि देसाई ने भी इसकी आलोचना की है। अब उर्वशी की टीम ने एक बयान जारी किया है, जिसमें लोगों से आग्रह किया गया है कि वे वीडियो को ठीक से सुनें।

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान उर्वशी ने दावा किया था कि बद्रीनाथ धाम के पास एक उर्वशी मंदिर है। उन्होंने दक्षिण भारत में भी कुछ ऐसा ही होने की इच्छा व्यक्त की। उर्वशी से पूछा गया कि क्या लोग आशीर्वाद लेने आते हैं? उन्होंने जवाब दिया, 'अब मंदिर है तो वही तो करेंगे।' अब उर्वशी रौतेला की टीम ने बयान जारी किया है, "उर्वशी रौतेला ने कहा कि उत्तराखंड में मेरे नाम का एक मंदिर है, न कि उर्वशी रौतेला का मंदिर। अब लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं हैं; बस 'उर्वशी' या 'मंदिर'सुनकर मान लेते हैं कि लोग उर्वशी रौतेला की पूजा करते हैं। इस वीडियो को ठीक से सुनें और फिर बोलें।' बयान में आगे कहा गया, 'उर्वशी ने कहा, हां, दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्हें 'दमदमी माई'के रूप में पूजा गया था, और इसके बारे में एक न्यूज आर्टिकल भी है। उर्वशी रौतेला के बयान के बारे में भ्रमित करने वाले कमेंट्स करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निराधार आरोप या अपमानजनक टिप्पणियां करने से पहले फैक्ट्स की पूरी तरह से जांच करना जरूरी है। समाज में सभी को एक-दूसरे के साथ सम्मान और समझदारी से पेश आना चाहिए ताकि सभी के अधिकारों की रक्षा की जा सके।'

## हॉलीवुड मसाला



# लेटेस्ट लुक अंडरवेयर ढीली पैंट

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। इस वक्त म्यूजिक एंड आर्ट फेस्टिवल से जस्टिन की कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, लोग उनकी तुलना ब्रिटनी स्पीयर्स से करते दिख रहे हैं। कहा जा रहा है कि जस्टिन अपने फैशन ब्रैंड के लॉन्च की तैयारी में हैं। जस्टिन की कमर से लटकती पैंट, ऊपर से झांकता अंडरवेयर और क्रॉप टॉप की तरह टीशर्ट में दिखे... जिसे देखकर लोगों ने हैरानी जताई थी।



# साइमन पैस्ले डे बने हैं जनरल डायर...

**नई दिल्ली।** 'केसरी चैप्टर 2' ने गुड फ्राइडे के मौके पर सिनेमाघरों में दमदार शुरुआत की है। फिल्म की तारीफ हो रही है। अक्षय कुमार, आर माधवन के अलावा चर्चा में ब्रिटिश एक्टर साइमन पैस्ले डे भी हैं, जिन्होंने फिल्म में जनरल डायर का रोल निभाया है। साइमन 'स्टार वार्स' फिल्म का हिस्सा रहे हैं। 'केसरी 2' में साइमन पैस्ले डे ने अपने खूंखार अंदाज, नृशंस हत्या के बाद भी अहम से भरे हुए व्यक्तित्व को बूखबी निभाया है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि साइमन पैस्ले डे एक मंझे हुए और दिग्गज ब्रिटिश एक्टर हैं, जिनका थिएटर से लेकर टीवी और यहां तक कि रेडियो पर भी बड़ा नाम है। साइमन पेस्ले डे हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वार्सः द राइज ऑफ स्काईवॉकर' में भी नजर आ चुके हैं। इंग्लैंड में 13 अप्रैल 1967 को पैदा हुए साइमन 58 साल के हैं।



# टोविनो ने चीन में मचाया गदर...

**नई दिल्ली।** अपने टैलेंट और अट्रैक्टिव ऑन-स्क्रीन पिक्चराइजेशन के लिए पसंद किए जाने वाले टोविनो थॉमस भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक महान शख्सियत बन गए हैं। अलग-अलग किरदारों में खुद को पूरी तरह से डुबोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर टोविनो ने अलग-अलग शैलियों में दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने वाली परफॉर्मेंस देने के लिए तारीफ हासिल की है। अब टोविनो थॉमस मलयालम सिनेमा को उन ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं पहुंची। उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर, एआरएम और 2018 मूवी, ताइवान, ताइपे में गोल्डन हॉर्स फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में पूरी तरह से हाउसफुल मिला। दर्शक इन हैरान कर देने वाली फिल्मों की शक्तिशाली कहानी और टोविनो थॉमस की शानदार एक्टिंग से बेहद इंप्रेस्ड हैं।



# एनटीआर लेकर आ रहे हैं नई धांसू फिल्म

**नई दिल्ली।** दर्शकों के चहेते जूनियर एनटीआर अब प्रशांत नील और माइथ्री मूवी मेकर्स के साथ मिलकर एक बड़ी फिल्म करने जा रहे हैं। इसका फिलहाल नाम एनटीआरनील रखा गया है। जूनियर एनटीआर 22 अप्रैल से शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस का क्रेज जबरदस्त है। शूटिंग के लिए रवाना होते हुए जूनियर एनटीआर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक फिल्म की डीटेल्स सीक्रेट रखी हैं, लेकिन माहौल में जबरदस्त हलचल है। प्रशांत नील की दमदार स्टोरीटेलिंग और जूनियर एनटीआर की तगड़ी मौजूदगी इस फिल्म को इंडियन सिनेमा में एक नया बेंचमार्क देने वाली है। इसके अलावा जूनियर एनटीआर देवाराः पार्ट 1 की धमाकेदार सफलता के बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# असित मोदी को आती है गुरुचरण सिंह की याद

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने बताया कि जब एक्टर उनका शो छोड़कर जाते हैं तो उन्हें कैसा महसूस होता है। असित ने बताया कि उन्हें जाहिर तौर पर यह बात चुभती है लेकिन जब कोई कलाकार शो छोड़कर जाता है तो जनता को उस कलाकार के फैसले का सम्मान करना चाहिए। मोदी बातों-बातों में बीते दिनों एक्टर गुरुचरण सिंह उर्फ सोढ़ी की जिंदगी में आई मुश्किलों का भी जिक्र किया। असित मोदी ने बताया कि वह सीरियल का हिस्सा रहे पुराने एक्टर्स को मिस करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने साथ में शुरुआत की थी, और जब आप लंबे वक्त तक किसी के साथ काम करते हैं, और फिर जब वो जाते हैं तो दुख होता है। पुराने वाले हाथी भाई (कवि कुमार आजाद) की तबीयत खराब हुई और फिर वो चल बसे। मुझे नट्टू काका (घनश्याम नायक) की भी बहुत याद आती है। वो अभी अगर साथ होते तो बहुत मजा आता। कुछ लोगों ने यूं ही शो छोड़ दिया। वो कोविड के बाद यह शो नहीं करना चाहते थे।' असित मोदी ने कहा कि कुछ और भी एक्टर्स थे जिन्होंने ना जाने क्यों यह शो छोड़ दिया। कुछ गलतफहमी हुई होगी जिसके बाद वो चले गए। गुरुचरण सिंह के बारे में बात करते हुए कहा कि वह अभी भी उनके साथ टच में हैं। असित मोदी ने कहा, 'मैं कुछ लोगों के साथ अभी भी टच में हूं। गुरुचरण सिंह जी के साथ जो कुछ भी हो रहा है वो ठीक नहीं है। मुझे उनके लिए बुरा लगता है।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का बनेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** लगभग 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी पर राज किया, दर्शकों के बीच यह सीरियल काफी मशहूर हुआ। हाल ही में इस सीरियल के दोबारा बनने की बात सामने आई। सीरियल में



मिहिर के चर्चित किरदार के लिए भी एक्टर गौरव खन्ना का नाम सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में मिहिर का किरदार निभाने के लिए दो नाम सामने आए हैं। एक तो एक्टर सुधांशु पाडे का नाम है, दूसरा गौरव खन्ना का नाम है। बॉलीवुड लाइफ से की गई बातचीत में इस बात को गौरव खन्ना नकार देते हैं। वह कहते हैं, 'मुझे नहीं लगता है कि ये बात सच है। अफवाहों का आजकल कुछ नहीं कर सकते हैं। हां, मैं इस खबर से सरप्राइज जरूर हूं।'एक तरफ तो गौरव खन्ना कहते हैं कि वह 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल का हिस्सा नहीं है। वहीं, उन्होंने एकता कपूर के साथ काम करने की इच्छा भी जता दी है।

# 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी : सनी देओल

**नई दिल्ली।** अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' का बॉक्स ऑफिस पर जादू जारी है। फिल्म 65 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अभिनेता ने अपनी सफलता का क्रेडिट प्रशंसकों को देते हुए कहा कि उनके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए लिखा, 'आपका प्यार ही मेरी ताकत है और आप सबका जोश ही मेरी सफलता है।' सनी देओल ने आगे लिखा, 'जाट को प्यार करते रहिए। मैं 'जाट' और सिनेमा का जश्न मनाते हुए आप सभी के वीडियो देखकर अभिभूत हूं! उन्हें मेरे साथ शेयर करते रहिए. आपके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। शेयर किए गए वीडियो में सनी देओल ने वादा किया कि 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी। खूबसूरत वादियों में



टहलते नजर आए एक्टर ने कहा, "आपने मेरी फिल्म 'जाट' को इतना प्यार दिया है, मैं वादा करता हूं कि 'जाट 2' और भी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि "जाट 2' नए मिशन के साथ आ रही है। अपकमिंग एक्शन फिल्म का निर्देशन भी गोपीचंद मलिनेनी करेंगे। वहीं, पोस्टर में निर्माता नवीन यरनेनी, रविशंकर वाई और टीजी विश्व प्रसाद के नाम भी उजागर किए गए। 'जाट 2' का निर्माण भी माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन हाउस करेगा। फिल्म के सीक्वल में सनी देओल की पुष्टि हुई है। हालांकि, अन्य कलाकारों के बारे में निर्माताओं ने जानकारी नहीं दी है। 'जाट' का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक 'राणातुंगा' के किरदार में हैं।

# इस फिल्म के बाद अमिताभ ने जया बच्चन के साथ काम करने से कर दिया था इंकार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने अपने कॅरियर में साथ मिलकर एक से बढ़ कर एक हिट फिल्में दी। हालांकि, बाद में यह मशहूर जोड़ी एक साथ फिल्मों में नजर नहीं आई। इस बारे में जया ने बताया था कि यह अमिताभ का फैसला था कि दोनों फिल्मों में एक साथ काम नहीं करेंगे।. 2008 में एक मैगज़ीन के साथ एक बातचीत में जया बच्चन ने कहा था कि उन्होंने अपनी फिल्म मुकद्दर का सिकंदर के लिए अमिताभ के साथ कुछ रोमांटिक सीन शूट किए थे। बाद में जब फिल्म बनकर तैयार हुई, तो जया इसकी स्क्रीनिंग देखने आईं और उन सीन को देखने के बाद रो पड़ीं। एक हफ़्ते बाद उनके दोस्तों ने बताया कि बिग बी ने फैसला किया है कि वह उनके साथ फिर से काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'एक हफ़्ते बाद मुकद्दर का सिकंदर के ट्रायल शो के बाद, इंडस्ट्री में हर कोई मुझसे कह रहा था कि उन्होंने



(अमिताभ बच्चन) अपने निर्माताओं को यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मेरे साथ काम नहीं करने जा रहे हैं। बाकी सभी ने मुझे इसके बारे में बताया, लेकिन उन्होंने इस विषय पर एक शब्द भी नहीं कहा। जब मैंने उनसे इस बारे में सवाल करने की कोशिश की, तो उन्होंने कहा, मैं एक शब्द भी नहीं बोलूंगा। 'मुझसे इस बारे में मत पूछो।' उसी बातचीत में जया ने बताया था कि अमिताभ बच्चन ने कई हिट फिल्में देने के बाद भी रेखा के साथ आगे काम नहीं किया।

### तो मेरी ज़िंदगी बन जाती नरक

जया ने बताया था कि उन्हें सार्वजनिक रूप से चल रही अटकलों के बारे में सब पता था। जया ने कहा था कि उन अफवाहों के पीछे कोई सच्चाई होती तो वह रेखा के साथ होंते। अगर वह बाहर की बातों की परवाह करने लगे, तो यह उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर कोई होता, तो वह कहीं और होता, ना? लोगों ने उन्हें स्क्रीन पर एक जोड़ी के रूप में पसंद किया, और यह ठीक है। मीडिया ने उन्हें उनकी हर हीरोइन के साथ जोड़ने की कोशिश की। अगर मैंने इसे गंभीरता से लिया होता, तो मेरी ज़िंदगी नरक बन जाती। हम बहुत सख्त इंसान हैं।'

## एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत फिल्म आग में बाल कलाकार के रूप में की थी

# असमय पत्नी जेनिफर की मौत से टूट गए थे शशि कपूर

### कैंसर से जंग हार गईं जेनिफर

जेनिफर और शशि के जीवन में तब तूफान आया जब 1982 में जेनिफर को कोलन कैंसर का पता चला और वह कैंसर से जंग हार गईं। 1984 में उनकी मृत्यु हो गई. उनके निधन के बाद शशि पूरी तरह टूट गए. सीम छाबड़ा द्वारा लिखी गई उनकी जीवनी, 'शशि कपूरः द हाउसहोल्डर, द स्टार' के एक अंश के मुताबिक पत्नी जेनिफर के निधन के बाद शशि का जीवन दिल दहला देने वाला था। यह 1983 की बात है। तब जेनिफर अमीबिक पेचिश से पीड़ित मानी जाती थीं- को कैंसर का पता चला। जेफ्री केंडल अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि जब उन्हें अपनी बेटी की बीमारी के बारे में पता चला, तो वे बहुत देर तक 'कैंसर' शब्द नहीं बोल पाए। उन्होंने इसे 'बीमारी' या 'यह चीज़' कहा।

### ऐसा लग रहा था मानो पूरी धरती जम गई हो

इस बीच, जेनिफर ने अपने तरीके से धीरे-धीरे निदान को स्वीकार किया और अपने करीबी लोगों को बताना शुरू किया, जिसमें अनिल धारकर जैसे दोस्त भी शामिल थे। अनिल कहते हैं, 'उसने मुझे बताया कि कैसे उन्होंने बॉम्बे के टाटा मेमोरियल अस्पताल में वॉलपेपर के साथ एक कमरे को चमकाने की कोशिश की थी।' और मैंने पूछा, अच्छा, तुम वहां क्यों गए थे? और उसने जवाब दिया, 'अनिल, क्या तुम नहीं देखते? मुझे बिग सी है।' बस इतना ही था। इस तरह मुझे पता चला।' जेनिफर ने भारत में सर्जरी करवाई और ऐसा लग रहा था कि वह ठीक हो रही है। लेकिन, बाद में लंदन की यात्रा के दौरान और अधिक जांच के बाद, ऐसा लगा कि कैंसर फैल गया है। जेनिफर ने अपने आखिरी महीने ब्रिटिश राजधानी में अस्पताल और अपने माता-पिता के घर में बिताए। जब उनकी मृत्यु हुई तो जेफ्री बहुत दुखी हुए. जेनिफर उनकी पहली संतान थी, उनकी सबसे प्रिय, उनकी लगभग सब कुछ।शोकाकुल जेफ्री कहते हैं, 'यह भयावह क्षति ऐसी है जिसके बारे में मैं न तो बात कर सकता हूं और न ही लिख सकता हूं। ऐसा लग रहा था मानो पूरी धरती जम गई हो।'

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे शशि कपूर बॉलीवुड के सबसे खूबसूरत अभिनेताओं में से एक थे। शशि ने 70 और 80 के दशक में कई हिट फिल्में दीं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत अपने भाई राज कपूर की फिल्म आग (1948) में एक बाल कलाकार के रूप में की थी और बाद में बड़े होने के बाद बतौर हीरो धर्मपुत्र (1961) से डेब्यू किया। शशि कपूर को दीवार, सत्यम शिवम सुंदरम, नमक हलाल, काला पत्थर और कभी-कभी में बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उस दौर में काम के साथ ही शशि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे।*



*शशि कपूर एक रशियन मूल की अभिनेत्री जेनिफर केंडल से प्यार करते थे। उनकी मुलाकात जेनिफर से तब हुई, जब वह अपने पिता पृथ्वीराज कपूर के साथ प्रसिद्ध पृथ्वी थिएटर में काम कर रहे थे।जल्द ही दोनों के बीच प्यार हो गया। जुलाई 1958 में दोनों ने शादी कर ली और उनके तीन बच्चे हुए - कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर।*

### जीवन के प्रति हो गए थे निराश

पत्नी जेनिफर की मौत के बाद शशि शराब पीने लगे थे और जीवन के प्रति निराश हो गए थे। 4 दिसंबर, 2017 को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में शशि कपूर ने अंतिम सांस ली थी। वह 79 वर्ष के थे और किडनी के इलाज के लिए डायलिसिस पर थे।

**रोशनी बुझ गई :** उनके साथ-साथ उनकी पत्नी लॉरा लिडेल केंडल भी बहुत दुखी थीं। फेलिसिटी केंडल कहती हैं, 'मेरी मां उसके बाद कभी भी पहले जैसी नहीं रहीं। वह पहले बहुत धार्मिक थीं, लेकिन उनका विश्वास खत्म हो गया। रोशनी बुझ गई।' पूरा परिवार खुद को अस्थिर पाता था, कोई सहारा नहीं था। फेलिसिटी कहती हैं, 'मेरे माता-पिता आधे साल मेरी बहन के साथ भारत में बिताते थे, लेकिन जब उनकी मृत्यु हुई, तो उन्हें लगा कि वापस जाना बहुत दर्दनाक होगा, इसलिए उन्होंने अपना घर और जेनिफर दोनों खो दिए।'

**समुद्र के बीच नाव में रोए थे :** इस बीच, फेलिसिटी कहती हैं, 'आखिरी समय में जेनिफर की एकमात्र चिंता अपने बच्चों के लिए थी'- वे दुखी थीं। देव बेनेगल कहते हैं कि वे पृथ्वी थिएटर में एक स्मारक पर कुणाल कपूर से मिले थे, 'परिवार अभी-अभी गोवा से वापस आया था और कुणाल ने मुझसे कहा, 'पापा समुद्र के बीच में नाव लेकर गए थे। जब वे वहां पहुंचे, तो पहली बार वे रोए। सच में, वे रोए थे। देव की तरह, मैं उस पल की कठोरता से स्तब्ध हूं - शशि, विशाल खुले समुद्र में अकेले, दुःखी। 'वह उसकी मौत से वाकई हिल गया था।'

## खबर संक्षेप

### महाकवि कपिलनाथ के व्यक्तित्व कृतित्व पर रेडियो वार्ता प्रसारण आज



**किरारी-अकलतरा।** आकाशवाणी बिलासपुर से 22 अप्रैल को शाम 5 बजकर 5 मिनट में साहित्यिक चर्चा के अंतर्गत महाकवि कपिलनाथ कश्यप व्यक्तित्व व कृतित्व पर रेडियो वार्ता प्रसारण अरविन्द कुमार कश्यप द्वारा होगा। अरविंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी में हिन्दी के व्याख्याता हैं तथा वर्तमान में उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में एम एड द्वितीय सेमेस्टर स्कालर हैं।

### अकलतरा सरपंच संघ के जितेंद्र अध्यक्ष एवं हेवसराम बने उपाध्यक्ष



**अकलतरा।** अकलतरा सरपंच संघ के सदस्यों की बैठक इंदिरा उद्यान में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सरपंच संघ की कार्यकारिणी गठित करने पर चर्चा हुई। बैठक में 37 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने सहभागिता ली। इस दौरान सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से पोंड़ी दलहा के सरपंच जितेंद्र सिंह ठाकुर को अकलतरा सरपंच संघ का अध्यक्ष , सोनादूला के सरपंच हेवस राम टांडे को उपाध्यक्ष , बुचीहरदी सरपंच श्रीमती शकुंतला राय को सचिव एवं अमरताल की सरपंच श्रीमती नरेशिन मिथिलेश बघेल को कोषाध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन के पश्चात सरपंच संघ के सदस्यों के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी को फूल माला,गुलाल एवं मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया।

**सरपंच संघ में हुई गुटबाजी, बने दो सरपंच संघ-**अकलतरा सरपंच संघ में गुटबाजी के चलते दो सरपंच संघ बन गए हैं। सरपंच संघ कार्यकारिणी गठन के लिए सर्वप्रथम बैठक 9 अप्रैल को इंदिरा उद्यान में आयोजित की गई थी जिसमें अकलतरा विकासखंड के 56 में से 43 सरपंचों ने सहभागिता ली थी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कार्यकारिणी बनाए जाने का प्रयास किया गया लेकिन आम सहमति नहीं बनने पर 20 अप्रैल को पुनः इंदिरा उद्यान में बैठक आयोजित कर कार्यकारणीय गठन का निर्णय लिया गया था। इस बीच 13 अप्रैल को ग्राम अमोरा की सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह के तत्वाधान में अमोरा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अकलतरा विकासखंड के 34 सरपंचों के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सकुन देव अघरिया की उपस्थिति में प्रस्ताव पारित एवं हस्ताक्षर करते हुए श्रीमती सुधा नवल सिंह को सरपंच संघ की निर्विरोध अध्यक्ष एवं मुड़पार की सरपंच श्रीमती कौशल्या ढोंसले को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। कई सरपंचों के द्वारा अमोरा में सरपंच संघ के निर्वाचन को अमान्य बताते हुए 20 अप्रैल को इंदिरा उद्यान में बैठक आयोजित कर सरपंच संघ के पदाधिकारीयों के निर्वाचन की बात कही गई।

### गली-मोहल्लों व ढाबों में अवैध रुप से हो रही महुआ शराब की बिक्री

**तनौद।** पामगढ़ ब्लांक अन्तर्गत शिवरीनारायण व पामगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर ढाबों तक में कच्ची महुआ और देशी शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग व पुलिस की कार्यवाही छोटे कोचियों तक ही सीमित रहती है, जबकि बड़े शराब कारोबारी प्रशासन की पकड़ से दूर हैं। कई लोग थाने और आबकारी विभाग पर संरक्षण देने के आरोप भी लगा रहे हैं। शाम होते ही शराब के अवैध अड्डों पर ग्राहकों की मेले की तरह भीड़ लगी रहती है। पामगढ़ ब्लॉक अन्तर्गत थाना पामगढ़ क्षेत्र के कमरीद, कमरीद डेरा,भुईगांव कोडाभाट, धार्मिक स्थल देवरघटा व शिवरीनारायण थाना देवरी डेरा, खोरसी, हड्हा सिघंलदीप, तनौद, खरगहनी में बड़ी मात्र में अवैध शराब कि बिक्री हो रही है, जबकि इसके निगरानी के लिए आबकारी विभाग द्वारा देवरी मोड़ में वृत कार्यालय खोला गया है। बावजूद इसके पुरे क्षेत्र में माफिया सुबह शाम कच्ची महुआ शराब सप्लाई कर रहे हैं। क्षेत्र के हर गांव में शाम होते ही चौक चौराहों व तालाब किनारे समाजिक स्थान बाजार चौक स्कुल परिसर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे महिलाएं बच्चे बुजुर्गो को घर से निकलना मुश्किल हो रहीं हैं। क्षेत्र में चोरी कि वारदात बड़ी संख्या बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने ली बैठक

# गौ पालन के साथ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति करें जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने की बात कही। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने सोमवार 21 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन सहित संबंधित विभागों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में उन्होंने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभागों को जमीनी स्तर पर गाय के विभिन्न महत्व को बताते हुए आमजन को जागरूक करने कहा।

## गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखने दिए निर्देश



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा बैठक में गौ माता के विभिन्न महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सेवा के लिए सक्ती जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, पशु चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, गौ शाला संचालनकर्ता, गौ सेवक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता सरकार की विफलता से जनता को कराएं अवगत : जांगिड़

## संगठनात्मक गतिविधियों के साथ स्थानीय मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा


बैठक में सह प्रभारी के साथ उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन ग्राम अमरताल में प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, विधायक व्यास कश्यप , कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैग्वार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मण मुकीम पूर्व जिला अध्यक्ष मंजू सिंह दिनेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

**खास बात**
- कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि पार्टी ने इस वर्ष को संगठन वर्ष घोषित किया है। गांव-गांव जाकर युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ें। उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाएं। उन्होंने कहा, प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विकास कार्य रुके हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता को सरकार की विफलताओं से अवगत कराएं। अकलतरा विधायक और जिलाकांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं को ईडी,सीबीआई और अन्य एजेंसियों से परेशान कर रही है। कार्यकर्ताओं को मजबूती से खड़ा रहना होगा। यह लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप ने कहा, कांग्रेस में अभिव्यक्ति की आजादी है। हम मंच से अपने विचार रख सकते हैं। यह आजादी सिर्फ कांग्रेस में है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम में लक्ष्मण मुकीम, मंजू सिंह, रमेश पैगवार, दिनेश शर्मा, गिरधारी यादव, आभास बोस, लोकेश राठौर और संदीप यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में हरप्रसाद साहू, संदीप अग्रवाल, रामलाल यादव, रफीक सिद्दीकी, उत्तम पाटले, विवेक सिंह सिसोदिया, हृदय प्रसाद अनंत, बाबूलाल जायसवाल, गुरनाम सिंह तंवर, किशन सोनी, उमेश तिवारी, भूपेंद्र चंद्रा, वाहिद खान, कन्हैया राठौर, शिशिर द्विवेदी, ईश्वर देवांगन, रामगोपाल रात्रे, सौरभ सिंह, प्रिंस शर्मा, मनोज तिवारी, राज कपूर साहू, शाश्वत घर दीवान, घासीराम चौहान, डुग्गू प्रधान, राजकुमार चंद्रा एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जगद्गुरु यदुनंदन सरस्वती का हुआ नगर आगमन



**नैला-जांजगीर।** जगद्गुरु शंकराचार्य पीठ पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी यदुनंदन सरस्वती (ब्रम्हचारी) महाराज वृंदावन का नगर आगमन शनिवार 19 अप्रैल को हुआ। यहां यदुनंदन सरस्वती से उनके शिष्यों एवं नगरवासियों ने मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यदुनंदन सरस्वती ने नगरवासियों से 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक सुरडुंग जामुल जिला दुर्ग में राष्ट्रीय एकता,अखंडता,विश्व कल्याण शंकराचार्यों, राष्ट्रीय सिद्ध संत-महात्माओं, विद्वानों की उपस्थिति में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे से यज्ञ कार्य प्रारंभ होकर 1 बजे तक चलेगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से आमंत्रित विद्वानों का प्रवचन, कथा शास्त्रार्थ एवं शाम 6 बजे से कथा स्थल पर आरती, पुष्पांजलि एवं रात्रि 8 बजे से रासलीला नृत्य होगा।

## एक्युप्रेशर चिकित्सा पद्धति काफी पुरानी, ठीक होता है गंभीर रोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब चांपा द्वारा सात दिवसीय निःशुल्क एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर का आयोजन लायंस भवन चांपा में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया गया है। शिविर का उद्घाटन समारोह 21 अप्रैल को लायंस स्कूल भवन चांपा में सुबह 10 बजे किया गया। इसमें लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल (पी.डी.जी.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

- लायंस क्लब का सात दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ उद्घाटन

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मेल्विन जोन्स के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल एवं लायंस पदाधिकारी का पुष्पहार से स्वागत किया गया। अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने गोरधन चैधरी एवं भोमराज चौधरी व उनके सहयोगी टीम का स्वागत किया। 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर में अनेक रोगों का ईलाज किया जा रहा है। जिसमें मोटापा, ब्लड प्रेसर, शुगर, पेट का रोग, मस्सा, बावासीर, सरवाईकल दर्द, पुराना दर्द, जोड़ो का दर्द, साईटिका, लकवा, घुटनों का दर्द, आँख, कान, नाक की बीमारी, दमा, लम्बाई बढ़ना, मानसिक परेशानी (डिप्रशन) आदि रोगों का ईलाज बिना दवाई के उपरोक्त प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा किया जायेगा। सात दिन तक नियमित उपचार कराने वाले से 100/- रूपये केवल एक बार लिया जायेगा। इस शिविर में गोरधन चैधरी एवं भोमराज चैधरी व उनके सहयोगी टीम जोधपुर (राजस्थान) द्वारा ईलाज किया जायेगा। अतः आम नागरिकों से अनुरोध है कि उक्त शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें। मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर पद्धति काफी पुरानी पद्धति है और इससे रोगों का उपचार काफी अच्छा होता है। इस अवसर पर उन्होंने लायंस क्लब चांपा को भी शिविर के आयोजन पर प्रसंशा की। जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल ने भी शिविर के आयोजन पर लायंस क्लब चांपा को बधाई दी। गोरधन एवं भोमराज चौधरी ने एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर के संबंध में लोगों को जानकारी दी एवं कहा कि इस शिविर में गंभीर से गंभीर बिमारियों का ईलाज भी संभव है। उक्त उद्घाटन समारोह में लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष सोनी, जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल, लायन विनोद अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


शिविर के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अतिथि।

## इंटक वेल से पुराने फिल्टर प्लांट तक पाइप लाइन विस्तार कार्य का हुआ भूमि पूजन

**चांपा।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के इंटक वेल से पुराने फिल्टर प्लांट तक पाइप लाइन विस्तार कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, जल कार्य के सभापति महेंद्र तिवारी एवं वार्ड पार्षद अंजली देवांगन की उपस्थिति रही। जल कार्य के सभापति महेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराने फिल्टर प्लांट में जल आपूर्ति की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत पच्चीस लाख रुपये है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को जल आपूर्ति में सुविधा प्राप्त होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड निवासी शैलेन्द्र देवांगन, संजय देवांगन एवं लव देवांगन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं जनसहयोग से परिपूर्ण रहा।


भूमि पूजन करते पालिकाध्यक्ष एवं अन्य।

## राम मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

मां महामाया की पावन नगरी हसौद में एक बार फिर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिल रहा है। हसौद के बाजार चौक, बड़े तालाब पार स्थित नवनिर्मित राम मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 अप्रैल से शुरू हुआ है, जो 23 अप्रैल तक विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न होगा।

महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर शामिल हुईं। यात्रा के साथ क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। इसके बाद मंडप स्थापना, विग्रह धान्य अभिषेक, अग्नि स्थापना और हवन जैसे विधिवत पूजन अनुष्ठानों की शुरुआत की गई। मंगलवार, 22 अप्रैल को आयोजन के दूसरे दिन विग्रह महा स्नान, महा अभिषेक, मंदिर प्रतिष्ठा और विशेष हवन कार्यक्रम होंगे। अंतिम दिन बुधवार, 23 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा और विग्रह स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात महाआरती और पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा। हर रात्रि रामायण पाठ और भजन संध्या का आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय कलाकारों और रामभक्तों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया है। प्राण प्रतिष्ठा के इस कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए उड़ीसा से विद्वान आचार्य को बुलाया गया है। इस पूरे आयोजन को स्वर्गीय लक्ष्मीन बाई साहू की स्मृति में उनके सुपुत्र सुरेश साहू, विनोद साहू द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामवासियों और रामभक्तों का सहयोग भी इस आयोजन को भव्यता प्रदान कर रहा है।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां।

## नगरपालिका जांजगीर-नैला के नेता प्रतिपक्ष बनाए गए प्रिंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वार्ड क्र. 14 के पार्षद और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा को नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला के नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है । जिला कांग्रेस अध्यक्ष और अकलतरा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा छ.ग. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अनुशंसा व क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप की सहमति पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज की स्वीकृति से प्रिंस शर्मा का नियुक्ति पत्र जारी किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि प्रिंस शर्मा कांग्रेस संगठन के युवा विंग के जिम्मेदार और सक्रिय युवा पदाधिकारी होने के साथ दूसरी बार पार्षद पद निर्वाचित हुए हैं। बीते महिनों संपन्न हुए नगरीय चुनाव में जिले की सबसे प्रतिष्ठापूर्ण वार्ड चुनाव में भाजपा के नगरमंडल के



पूर्व अध्यक्ष और लगातार वार्ड क्र. 14 से तीन बार के पार्षद और नगरपालिका में उपाध्यक्ष रहे आशुतोष गोस्वामी के विरूद्ध चुनावी मैदान में उतरकर वार्ड वासियों के सहयोग से बड़े वोटों के अंतर से पराजित कर नगरपालिका में दूसरी बार पार्षद के रूप में पहुंचे हैं। नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर कांग्रेस पक्ष के पार्षदों की बैठक में सर्व सम्मति से श्री शर्मा के नाम का अनुमोदन किया गया था, जिसकी स्वीकृति प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को दी गयी है । प्रिंस शर्मा की नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, रफीक सिद्दिकी, शिशिर द्विवेदी, पूर्व पार्षद पप्पू खान, अजीत सिंह राणा, श्रीमती हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, वर्षा सिंह राजपूत सहित पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, श्रीमती रेखा सोनवान, देवराज सिंह चंदेल, विजय बंटी अग्रवाल, श्रीमती रक्षा धीरज सिंह बैस, अक्षय टेकाम, श्रीमती जगदीश्वरी रवि सूर्यवंशी, युवा भैरव मिश्रा, भोलु यादव, राजा सिद्दिकी, आकाश तिवारी, सौरभ सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बीसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू व जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती त्रिवेणी राजू कश्यप मौजूद रहे।

- बुड़ेना में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

कार्यक्रम की अध्यक्षता बुड़ेना के सरपंच श्रीमती रेखा देवी श्रवण कुमार झालरिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच सुनील कुमार सिंह राणा, क्रांति कुमार सिंह, पंच विद्यानंद, रामप्रसाद कश्यप, गणेश दास, विनोद बनाफर, रूपेश कश्यप, राकेश कश्यप, संजू सूर्यवंशी, सोनू सूर्यवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय यादव राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराद नियंत्रण ब्यूरो जिला महासचिव द्वारा संपन्न हुआ। कमेंट्री नुपेंद्र सिंह खगेश कुमार स्कोर रामप्रसाद कश्यप, अंपायर डाकेश्वर कश्यप सत्यम् कश्यप द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 28 गांव के खिलाड़ी भाग लिए जिसमें फाइनल मैच भैंसदा और बुड़ेना के मध्य खेला गया। भैसदा ने टॉस जीतकर सबसे पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 10 ओवर में 113 रन बनाकर सामने वाले खिलाड़ी को 10 ओवरों में 80 रन पर रोक कर मैच को जीत लिया। मुख्य अतिथि राजकुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे गर्व होता है की हमारे छोटे-छोटे भाई सभी क्रिकेट को इतना अहमियत देते हैं क्रिकेट खेल ही नहीं है बहुत बड़ा व्यायाम भी है। इससे बॉडी फिट रहती है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा है खेल है सभी को खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलनी चाहिए। इस दौरान विजय यादव, दशरथ कश्यप, अभिषेक, राहुल विश्वकर्मा, आशीष कश्यप, नरेश यादव, गणेश यादव, राघवेंद्र कश्यप, राजा कश्यप, विकी कश्यप, चीनी कश्यप, कोमल कश्यप, राकेशेश्वर कश्यप, सत्यम् कश्यप, सौरभ झालरिया, कृष्ण झालरिया, संजीव सूर्यवंशी, विजय यादव, संजय कश्यप, रविंद्र कश्यप मौजूद रहे।


विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि राजकुमार साहू।




